### जलवायु सम्मेलन में प्रधानमंत्री ने किया सूर्य उपनिषद का उल्लेख, सौर ऊर्जा की महत्ता बताई

# वन सन, वन वर्ल्ड, वन ग्रिड जरूरी : मोदी



**कॉप 26 जलवायु सम्मेलन**

**ग्लास्गो | एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सूर्योपनिषद का उल्लेख करते हुए कहा कि हर चीज सूर्य से उत्पन्न हुई और सौर ऊर्जा की व्यवहार्यता बढ़ाने के लिए 'वन सन, वन वर्ल्ड, वन ग्रिड' बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि हमने प्राकृतिक संतुलन को नुकसान पहुंचाया पर मानवता बचाने को हमें सूर्य के साथ चलना होगा।

'वन सन, वन वर्ल्ड, वन ग्रिड' के लॉचिंग मौके पर यह बात कही। विश्व नेताओं को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि जीवाश्म ईंधन का उपयोग कर कई देश औद्योगिक क्रांति के दौरान अमीर हो गए, लेकिन इसने पृथ्वी और पर्यावरण को बदहाल कर दिया। इस होड़ ने तनाव भी पैदा किया। काउंसिल ऑन एनर्जी, एनवायरनमेंट एंड वॉटर (सीईईडब्ल्यू) के सीईओ डॉ. अरुणाभा घोष ने कहा कि अगर सभी देशों की ग्रिड को जोड़ने में सफलता मिल जाए तो यह ऊर्जा स्वतंत्रता, ऊर्जा सुरक्षा और उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं को स्वच्छ ईंधन को तेजी से अपनाने में सहायक हो सकता है।

## इसरो विश्व को सौर कैलकुलेटर की सौगात देगा

**ग्लास्गो/ नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) दुनिया को सोलर कैलकुलेटर एप्लीकेशन उपलब्ध कराने जा रही है। प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि इस कैलकुलेटर के माध्यम से उपग्रह डेटा के आधार पर दुनिया के किसी भी स्थान की सौर ऊर्जा क्षमता की गणना की जा सकती है। यह एप्लिकेशन सौर परियोजनाओं का स्थान तय करने में उपयोगी होगा।

दरअसल, इसरो ने एक ऐसा सोलर कैलकुलेटर ऐप विकसित किया है जो देश के किसी भी हिस्से में सौर ऊर्जा पैनल स्थापित करने से पहले वहां कितनी सौर ऊर्जा उत्पादित होगी और संयंत्र स्थापित करना लाभदायक होगा या नहीं इसकी सही-सही गणना कर सकता है। अगर कोई फोटोवोल्टिक ताप ऊर्जा संयंत्र स्थापित करना चाहता है तो वह इस ऐप की मदद से पहले ही संभावनाओं का पता लगा सकेगा।

### आतंकवाद से साथ लड़ने पर सहमति

ग्लास्गो। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके ब्रिटिश समकक्ष बोरिस जॉनसन के बीच ब्रिटेन के ग्लासगो में आयोजित कॉप-26 जलवायु शिखर सम्मेलन से इतर हुई द्विपक्षीय वार्ता के दौरान आतंकवाद से मुकाबले और कुछ अलगाववादी संगठनों की चरमपंथी गतिविधियों पर लगाम लगाने की जरूरत जैसे मुद्दों पर बातचीत हुई।